दिल्ली में पहली बार झालावाड़ के एनसीसी के दो कैडेटों का प्रधानमंत्री रैली में चयन

झालावाड़। दिल्ली आयोजित कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत कैंप एवं 18 से 29 जनवरी 2020 को आयोजित प्रधानमंत्री रैली में झालावाड़ के एनसीसी अंडर ऑफिसर राहुल जोगी पुत्र परमानंद व कैडेट सिकंदर सिंह पुत्र ईश्वर का 5 महीनों की ट्रेनिंग के बाद राजस्थान के चुनिंदा एनसीसी कैडेटों में से चयन हुआ है।

कैंप से वापस आने पर राजकीय पीजी कॉलेज में दोनों का सम्मान किया गया। प्राचार्य बीसी मीना ने दोनों कैडेटों को शुभकामनाएं दी

राहुल जोगी।

सिकंदर सिंह।

और कहा ये इस कॉलेज के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि ये पहले ऐसे दो कैडेट हैं जिन्होंने इस कैंप में अपनी उपस्थिति दर्ज की है। मैं इन्हें जन्म देने वाले इनके माता पिता को नमन करता हूं। छात्र राकेश मीणा ने कैडेटों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की ये देश की सुरक्षा पर कभी आंच नहीं आने देंगे।

एनसीसी में भर्ती होने के बाद जोश जज्बा जुनून आ जाता है इससे ये कैडेट कहीं भी अपने नेतृत्व का लोहा मनवा सकते हैं। एनसीसी एक कैडेट में चरित्र निर्माण करती है। इससे ये कैडेट्स हर एक परिस्थितियों से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। स्वागत में समस्त एनसीसी कैडेट्स व कॉलेज के स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

एनसीसी कैडेट का किया स्वागत

झालावाड़. नई दिल्ली में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर एवं 18 से 29 जनवरी तक रैली आयोजित हुई। इसमें पीजी कॉलेज से एनसीसी अंडर ऑफिसर राहुल जोगी, कैडेट सिकंदर सिंह का चयन हुआ। प्राचार्य बीसी मीना ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर राकेश मीणा ने कहा कि एनसीसी एक कैडेट में चरित्र निर्माण करती है। जिससे ये कैडेट्स विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहते हैं।

कांग्रेस की आक्रोश रैली में शामिल हुए कार्यकर्ता

Scanned with CamScanner